# 7,995 करोड़ के समझौते पर हस्ताक्षर

## भारत-अमेरिका में 60 रोमियो हेलीकॉप्टरों के रखरखाव के साथ सुविधाएं विकसित की जाएंगी

**नई दिल्ली 28 नवम्बर. भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग को और अधिक प्रगाढ बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के एमएच 60 रोमियो बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टरों के रखरखाव के लिए 7995 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.**

इस समझौता पत्र पर अमेरिका के सैन्य बिक्री कार्यक्रम के तहत रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को हस्ताक्षर किये गये. रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पांच



वर्ष के लिए हुए इस समझौते में कलपुर्जे, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और आवश्यक घटकों की मरम्मत एवं आपूर्ति शामिल है.

### हेलीकॉप्टरों की संचालन दक्षता बढ़ेगी

यह पहल आत्मनिर्भर भारत अभियान के अनुरूप मानी जा रही है और इसमें देश की छोटे और मझौले उद्योगों को भी नए अवसर मिलेंगे. वक्तव्य में कहा गया है कि यह पैकेज भारतीय नौसेना के अत्याधुनिक, सभी मौसमों में संचालन में सक्षम पनडुब्बी रोधी रोमियो हेलीकॉप्टरों की संचालन दक्षता को बढ़ाएगा. इससे इन हेलीकॉप्टरों को जहाजों और तट-आधारित विभिन्न स्थानों से सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा, जिससे उनके सभी प्राथमिक और द्वितीय मिशनों के दौरान बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित होगा. इस समझौते को भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है जो हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग को भी मजबूती प्रदान करेगा. इसके अलावा भारत में इंटरमीडिएट स्तर की मरम्मत और आवधिक रखरखाव निरीक्षण सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी. इन घरेलू सुविधाओं से न केवल भारत की क्षमता-वृद्धि होगी, बल्कि अमेरिका से आपूर्ति पर निर्भरता में कमी आएगी.

# उपमुख्यमंत्री शिवकुमार बोले : मुझे जल्दी नहीं

**कर्नाटक संकट : सीएम कुर्सी पर तीन दावेदार आमने-सामने**

**बेंगलुरु, 28 नवंबर. कर्नाटक में सत्ता-साझेदारी को लेकर चल रही अंदरूनी खींचतान एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है. मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के बीच नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें लगातार गहराती जा रही है.**

शिवकुमार का दिल्ली दौरा टल गया है. शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और शिवकुमार के ब्रेकफास्ट करने की चर्चा सामने आई है. हालांकि शिवकुमार ने ताजा बयान देकर राजनीतिक तापमान थोड़ा ठंडा किया है. उन्होंने साफ कहा कि



उन्हें किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं है और सीएम बनने को लेकर फिलहाल कोई बातचीत नहीं चल रही. उनके इस बयान को सियासी संकट टलने का संकेत माना जा रहा है, लेकिन कांग्रेस के भीतर बातें इससे कहीं ज्यादा जटिल हैं. सूत्रों के मुताबिक पूरा विवाद 2023 के कथित पॉवर-शेयरिंग समझौते से शुरू हुआ था. जिसमें ढाई-ढाई साल के कार्यकाल पर सहमति बताई जाती है.


> इसी बीच दलित मुख्यमंत्री की मांग उठने और जी. परमेश्वर के दावे ने समीकरण और उलझा दिए हैं. हाईकमान अब तीन दावेदारों के बीच सामंजस्य बनाने की चुनौती से जूझ रहा है. कर्नाटक कांग्रेस की राजनीति इन दिनों नेतृत्व की रस्साकशी में उलझी हुई है. मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के बीच जारी तनाव कई महीनों से सुर्खियों में है. हालांकि ताज़ा बयान में शिवकुमार ने कहा कि उन्हें किसी प्रकार की जल्दबाज़ी नहीं है, पर राजनीतिक गलियारों में इसे तूफ़ान से पहले की ख़ामोशी माना जा रहा है.

# भविष्य के लिए रणनीतिक की जरूरत

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के सेमिनार को किया संबोधित

**नई दिल्ली 28 नवम्बर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद सहित विभिन्न क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत बनाने के लिए सेनाओं सहित सभी संस्थाओं में व्यापक सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि ये विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है.**

सिंह ने शुक्रवार को यहां सेना द्वारा आयोजित सेमिनार चाणक्य डिफेंस डायलॉग को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम दुनिया के माहौल और अपने पड़ोस की असलियत को देखते हैं, तो एक बात बहुत साफ़ हो जाती है, हम भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पुरानी व्यवस्था पर भरोसा



नहीं कर सकते. उन्होंने कहा, दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है और खतरे जटिल रूप ले रहे हैं. इसीलिए सुधार अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक रणनीतिक जरूरत बन गए हैं. सिंह ने भारत को नए दौर के लिए तैयार करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इन सुधारों की बदौलत ही भारत सशक्त, सुरक्षित और विकसित बनेगा.

> उन्होंने कहा, जब हम सुधार से बदलाव की बात करते हैं, तो हम सिर्फ़ प्रक्रिया या नीति की बात नहीं कर रहे होते. हम सिर्फ मौजूदा हालात में बदलाव की बात नहीं कर रहे होते. हम भारत को एक नए दौर के लिए तैयार करने की बात कर रहे हैं जो इसे सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत में बदल देगा. सुधारों के महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, रिफॉर्म हमारे इंस्टीट्यूशन की एडैप्टेबिलिटी को मजबूत करते हैं, हमारे सशस्त्र बलों की फुर्ती बढ़ाते हैं.

# 12 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त

**नई दिल्ली, 28 नवंबर.** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने तेलंगाना एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो के साथ दिल्ली-एनसीआर और हैदराबाद में संचालित एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया है. आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस अभियान में अनुमानित 12 करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएं की जब्त की गयीं हैं और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इसके अलावा पुलिस ने अवैध रूप से अधिक समय तक रहने वाले 30 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया. संयुक्त पुलिस आयुक्त, सुरेंद्र कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि तेलंगाना में पंजीकृत एक प्राथमिकी के संबंध में साझा की गई.

# नीतीश ने महिलाओं के खाते में भेजी राशि

## अब तक एक करोड़ 56 लाख महिलाओं को मिलेगा फायदा

**पटना, 28 नवंबर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की दस लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से 1000 करोड़ रुपये की राशि हस्तांरित की.**

श्री कुमार ने आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में दस लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 1000 करोड़ रुपये की राशि हस्तांरित की. इस अवसर पर श्री कुमार कहा कि इस बार बिहार के लोगों ने विधान सभा चुनाव में भारी बहुमत से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को जिताया है तथा फिर से अगले पांच वर्षों तक



बिहार की सेवा करने का मौका दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि आज महिला रोजगार योजना के तहत अपनी पसंद का रोजगार करने के लिए 10 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रुपये की सहायता राशि भेजी जा रही है.

> उन्होंने कहा कि पहले एक करोड़ 46 लाख महिलाओं को यह सहायता राशि दी जा चुकी है. आज 10 लाख महिलाओं को यह सहायता दी जा रही है. कुल मिलाकर एक करोड़ 56 लाख महिलाओं को इसका फायदा मिल जायेगा. इस योजना में दी गयी सहायता से काफी संख्या में महिलाओं ने अपनी पसंद का रोजगार शुरू किया है. जो महिलाएं अपना रोजगार अच्छे से करेंगी, उन्हें आगे दो लाख रुपये तक की सहायता दी जायेगी.

# कपिल शर्मा के कैफे पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है. हास्य कलाकार कपिल शर्मा के कनाडा के सरे स्थित कैफे कैप्स कैफे में गोलीबारी की घटनाओं के कथित मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान लुधियाना के निवासी बंधु मान सिंह सेखों (28) के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार इंस्पेक्टर मान सिंह, अरविंद और सुंदर गौतम के नेतृत्व वाली टीम ने 24 और 25 नवंबर की मध्यरात्रि को उसे लुधियाना से गिरफ्तार किया था. कनाडा पुलिस की कार्रवाई के बाद सेखों सितंबर में कनाडा से भारत भाग आया था.

# एयर प्यूरीफायर पर 18% जीएसटी अन्याय

- केजरीवाल ने केंद्र से पूछा प्रदूषण संकट में टैक्स क्यों?

**नई दिल्ली, 28 नवंबर दिल्ली और उत्तर भारत की धुंध से भरी सुबहें एक बार फिर 'प्रदूषण आपातकाल' की तस्वीर पेश कर रही हैं.**

हवा में घुला जहरीला धुआं न सिर्फ आंखों में जलन पैदा कर रहा है, बल्कि हर सांस को एक जोखिम में बदल रहा है. ऐसे माहौल में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर करारा हमला बोला है. एक्स पर अपनी पोस्ट के माध्यम से उन्होंने कहा कि साफ़ हवा और साफ़ पानी हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है, लेकिन सरकार समस्या के समाधान की जगह जनता से टैक्स वसूलने में लगी है. केजरीवाल का आरोप है कि एयर और वाटर प्यूरीफायर जैसे स्वास्थ्य-सुरक्षा से जुड़े जरूरी उपकरणों पर भी 18 फीसदी जीएसटी लगाया जा रहा है, जो लोगों के संकट को और बढ़ाता है. उनका कहना है कि पहले ही प्रदूषण से त्रस्त जनता को कम से कम इस मोर्चे पर राहत मिलनी चाहिए.

> उन्होंने केंद्र से मांग की है कि ऐसे उपकरणों को कर मुक्त किया जाए ताकि आम लोग बिना आर्थिक बोझ के अपने परिवार की सुरक्षा कर सकें. प्रदूषण के बढ़ते खतरों के बीच यह मांग बेहद संवेदनशील दौर में उठी है और अब यह बहस तेज हो गई है कि क्या स्वास्थ्य संरक्षण पर लगाया गया टैक्स वास्तव में न्यायसंगत है. दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में वायु गुणवत्ता एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है. हवा में घुल रहा प्रदूषण न सिर्फ बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है, बल्कि स्वस्थ लोगों की सेहत पर भी गहरा असर डाल रहा है. ऐसे संकट के दौरान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर सीधा निशाना साधा है.



# सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों को दी अनुमति

**नई दिल्ली, 28 नवंबर. उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ने की अनुमति दे दी.**

हालांकि यह स्पष्ट कर दिया कि परिणाम राज्य के संशोधित अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को चुनौती देने वाले मामले के अंतिम नतीजे पर निर्भर करेंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने बांठिया आयोग की रिपोर्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए एक नए आरक्षण ढांचे को लागू करने के महाराष्ट्र के फैसले पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया. न्यायालय ने निर्देश दिया, नगर पंचायतों और नगर निगमों के चुनाव होंगे. हालांकि, 40 नगर निगमों और 17 नगर पंचायतों के परिणाम अंतिम फैसले के अधीन रहेंगे. पिछले सप्ताह, उच्चतम न्यायालय ने उन खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी कि उसके पहले के निर्देशों की गलत व्याख्या की जा रही है। पीठ ने दोहराया कि कुल आरक्षण पर 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा एक संवैधानिक सीमा है और जिसे बार-बार दोहराया गया है। इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता है.

# 19 देशों के लोगों पर ग्रीन कार्ड का संकट


**वॉशिंगटन, 28 नवंबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीसरी दुनिया के देशों से आने वाले प्रवासियों पर हमेशा के लिए रोक लगाने की घोषणा की है. इस कारण से 19 देशों के लोगों केउपर ग्रीन कार्ड का संकट गहरा गया है.**

श्री ट्रंप ने अमेरिका की समस्याओं के लिए तीसरी दुनिया के देशों से आने वाले लोगों को दोषी ठहराया है. उल्लेखनीय है कि अमेरिका की ओर से यह कदम तब उठाया गया है जब वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड के दो सुरक्षा प्रहरियों को गोली मारे जाने की घटना सामने आई. श्री ट्रंप ने कहा कि मौजूदा नीतियों ने देश की तरक्की को रोक दिया है. उन्होंने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन के



कार्यकाल में हुए उन लाखों एडमिशनों को रद्द कर देंगे जिनमें अमेरिका में बसने की इच्छा जाहिर की गई है. उन्होंने यह भी वादा किया कि अमेरिका के लिए जो कोई भी उपयोगी नहीं है या हमारे देश से प्यार नहीं करता है, उसे यहां से निकाल दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि घरेलू शांति भंग करने वाले प्रवासियों की नागरिकता छीन ली जायेगी. ट्रंप ने गुरुवार की देर रात सोशल मीडिया पर लिखा, वह गैर-नागरिकों को सभी संघीय फायदों और सब्सिडियों से वंचित कर देगे. उन्होंने कहा, बाइडेन के लाखों गैर-कानूनी एडमिशनों को खत्म कर दिया जायेगा. उनमें वे एडमिशन भी शामिल हैं जिन पर बाइडेन ने ऑटोपेन से हस्ताक्षर किए हैं. ऐसे किसी भी व्यक्ति को हटा दिया जाएगा जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए उपयोगी नहीं है या हमारे देश से प्यार करने में असमर्थ है. मैं गैर-नागरिकों को मिलने वाले सभी संघीय फायदे और सब्सिडी खत्म कर दूंगा. घरेलू शांति को भंग करने वाले प्रवासियों की नागरिकता छीन लूंगा और ऐसे किसी भी विदेशी नागरिक को अमेरिका से बाहर कर दूंगा.

## एक नजर में



### दितवाह से तूफान दितवाह का कहर

**कोलंबो, 28 नवंबर.** दितवाह तूफान ने श्रीलंका में भारी तबाही मचा दी है. बाढ़, तेज़ हवाओं और भूस्खलन ने कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. इसी भयावह हालात के बीच भारत ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत तत्काल मानवीय सहायता पहुंचाकर पड़ोसी देश के साथ अपनी निकटता और प्रतिबद्धता को फिर साबित किया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर श्रीलंका के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारत जरूरत की इस घड़ी में पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ा है. भारतीय नौसेना के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस उदयगिरि को राहत सामग्री के साथ कोलंबो भेजा गया, जहां दोनों युद्धपोत इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2025 में पहले से शामिल होने की तैयारी में थे. अब इन्हीं जहाजों से बड़े पैमाने पर राहत पहुंचाई जा रही है. श्रीलंका की सेना ने 20,500 से अधिक जवान राहत और बचाव कार्यों में तैनात किए हैं. तेज़ होती बारिश और लगातार बढ़ते पानी के स्तर ने हालात और गंभीर कर दिए हैं.

### शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस करेगी बैठक

**नई दिल्ली, 28 नवंबर.** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार, 1 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है. इससे पहले रविवार 30 नवंबर को संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है. इस बैठक में सदन को सुचारू चलाने पर सहमति बनाने पर जोर दिया जाएगा. बता दें, शीतकालीन सत्र 2025 19 दिसंबर तक चलेगा. वहीं, कांग्रेस भी इसी दिन शाम 5 बजे पार्लियामेंट्री स्ट्रेटजी ग्रुप की बैठक करने जा रही है. पार्टी सूत्रों से पता चला है कि यह बैठक सोनिया गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ पर होगी. इस बैठक में कांग्रेस विंटर सेशन के लिए स्ट्रेटेजी बनाने पर विचार-विमर्श करेगी. दोनों सदनों में विपक्ष का नेतृत्व कर रही कांग्रेस, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर में मध्यस्थता करने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार दिए गए बयानों और चीन के साथ बिजनेस समझौतों और मुद्दों पर चर्चा की मांग करेगी.

### कोलभोंगा जंगल में ब्लास्ट से दहशत

**रांची, 28 नवबंर.** जंगल में लकड़ी बटोरने गई महिलाएं बनीं ब्लास्ट की शिकार पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में एक बार फिर आईडी धमाके ने इलाके को दहला दिया। कोलभोंगा जंगल में शुक्रवार शाम हुए विस्फोट में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं। ग्रामीण रोजमर्रा की तरह लकड़ी और पत्ता संग्रह के लिए जंगल गए थे, लेकिन नक्सलियों द्वारा बिछाए गए घातक विस्फोटक जाल की चपेट में आ गए। घटना की पुष्टि एसपी अमित रेणु ने की है.

# डीडी फ्री डिश पर क्षेत्रीय चैनल शुरू

**नईदिल्ली, 28 नवंबर. प्रसार भारती का डीडी फ्री डिश डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) प्लेटफॉर्म, एक फ्री टू एयर प्लेटफॉर्म है, जहां दर्शकों से मासिक या वार्षिक सदस्यता शुल्क नहीं लिया जाता है.**

इस अनूठे और किफायती मॉडल ने डीडी फ्री डिश को सबसे बड़ा डीटीएच प्लेटफॉर्म बना दिया है, जिसकी पहंच दूरस्थ, ग्रामीण, दुर्गम और सीमावर्ती क्षेत्रों में भी लगभग 65 मिलियन परिवारों (क्रोम डेटा के अनुसार) तक हो गई है. डीडी फ्री डिश के माध्यम से, प्रसार भारती देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण और निशुल्क जानकारी, शिक्षा और मनोरंजन प्रदान करके जनता को सशक्त बना रहा है, यहां तक कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को भी



लाभान्वित कर रहा है और इस प्रकार सार्वजनिक सेवा प्रसारण के अपने प्राथमिक उद्देश्य को पूरा कर रहा है. डीडी फ्री डिश के सभी चैनलों में विविधता और समृद्धता है, जिसमें अधिकांश विधाएं मौजूद है. वर्तमान में डीडी फ्री डिश के पास 482 टीवी चैनल (पीएम ईविद्या और स्वयं प्रभा जैसे 320 डीडी सह-ब्रांडेड शैक्षिक चैनल सहित) और 48 रेडियो चैनल हैं. दूरदर्शन चैनलों के अलावा, इन चैनलों में सामान्य मनोरंजन, समाचार, भक्ति, फिल्में, खेल आदि से संबंधित निजी टीवी चैनल शामिल हैं.

### आज का इतिहास

1783 जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया।
1830 चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
1834 पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ।
1870 अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई।
1911 भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म।
1937 प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता मनोज कुमार का जन्म।
1944 300 लड़ाकू विमानों ने जर्मनी पर बम गिराए।
1945 बंगलोर स्थित विप्रो कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष अज़ीम प्रेमजी का जन्म।

# एसआईआर प्रक्रिया पर तृणमूल ने उठाए सवाल

- टीएमसी प्रतिनिधि मंडल चुनाव आयोग से मिला
- मतदाता सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की

**नई दिल्ली, 28 नवंबर. तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच शुक्रवार को यहां चुनाव आयोग के साथ मैराथन बैठक की.**

इस दौरान पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों की सुरक्षा का मुद्दा विशेष रूप से उठाया. पार्टी के नेता एवं राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की टीम ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों आयुक्तों -डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जारी के साथ दो घंटे की लंबी बातचीत में एसआईआर के साथ ही अन्य मुद्दों पर लंबी बातचीत की तथा एसआईआर के खिलाफ कई कड़े आरोप लगाये. पार्टी ने एसआईआर प्रक्रिया को बिना योजना के किया जा रहा एक खतरनाक काम बताया.

श्री ओब्राय ने बैठक से निकल कर प्रतीक्षारत संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से सीधे पश्चिम बंगाल में अब तक 39 बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की मौत का मुद्दा उठाया.

# चाणक्य डिफेंस डायलॉग सम्पन्न त्वरित रक्षा सुधारों पर जोर

**नई दिल्ली 28 नवम्बर. भारतीय सेना और सेंटर फॉर लैंड वॉरफेयर स्टडीज़ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिन का चाणक्य डिफेंस डायलॉग आज सम्पन्न हो गया.**

बदलाव के लिए सुधार- सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत विषय पर आधारित इस सेमिनार में भारत के उभरते सुरक्षा परिदृश्यों, रक्षा सुधारों और तकनीकी बदलावों के बीच नई वैश्विक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई. कार्यक्रम में विशेष संबोधन देते हुए राजदूत डी.बी. वेंकटेश वर्मा, सदस्य राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड, ने रेजिलियंट नेशनल सिक्योरिटी 2047 पर अपने विचार साझा किए. उन्होंने कहा कि सामरिक स्वायत्तता तभी सार्थक है जब भारत स्वतंत्र रूप से सोचने, निर्णय लेने और लड़ने की क्षमता रखता हो तथा बाहरी संबंध उसकी कमजोरी न बनें. श्री वर्मा ने एक ऐसे सैन्य सिद्धांत की आवश्यकता पर जोर दिया जो बिना बाहरी हस्तक्षेप के क्रियान्वित किया जा सके और मजबूत रक्षा-औद्योगिक आधार, तकनीकी विकल्प तथा कम आर्थिक निर्भरता जिसकी ताकत हो. उन्होंने कहा कि सामरिक स्वायत्तता समाजिक कारकों जैसे राष्ट्रीय आत्मविश्वास, रक्षा में निवेश की इच्छा और आधुनिक युद्ध के लिए प्रशिक्षित जनशक्तिपर भी निर्भर करती है.

**समीक्षा** | अश्विनी वैष्णव ने पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# चंडीगढ़ स्टेशन किया जा रहा पुनर्विकसित

**चंडीगढ. 28 नवबंर. भोपाल. रेल, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया.**

वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री को स्टेशन के आधुनिकीकरण परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी. विस्तृत समीक्षा के बाद, श्री अश्विनी वैष्णव ने चंडीगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति पर खुशी जताई. निरीक्षण के दौरान, रेलवे और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज़ के राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह, उत्तर रेलवे के



महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बात करते हुए, श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड-क्लास स्टेशन के तौर पर पुनर्विकसित किया जा रहा है. कई इनोवेशन किए गए हैं, जिनमें से एक मॉड्यूलर डिज़ाइन है, जिसमें प्री-फैब्रिकेटेड डिज़ाइन का इस्तेमाल किया गया है. यह स्टेशन रूफ प्लाज़ा के ज़रिए पंचकूला और चंडीगढ़ शहर के दो सिरों को जोड़ेगा. स्टेशन को 462 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है. काम तेज़ी से चल रहा है. टीम स्टेशन को तेज़ी से पुनर्विकसित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है. चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर इसका मकसद स्टेशन को विश्व-स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है.

> चंडीगढ़ स्टेशन एक मुख्य गेटवे के तौर पर अहमियत रखता है, जो हिमाचल प्रदेश और पंजाब की प्रसिद्ध जगहों पर जाने वाले ज्यादातर पर्यटकों और यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है. तेजी से किए जा रहे इन प्रयासों का फोकस पैसेंजर सुविधाओं को बढ़ाना, कनेक्टिविटी में सुधार करना और एक मॉडर्न, आसान और कुशल ट्रैवल हब बनाना होगा जो शहर के प्लान किए गए आर्किटेक्चर को दिखाए और इसके उपयोगकर्ताओं की बढ़ती मांगों को पूरा करे.